संघ लोक सेवा आयोग
(एम एंड एम अनुभाग)
धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड
नई दिल्ली-110069

ई-निविदा सं फा सं. 5.2(4)/2019-एम एंड एम दिनांक 22.11.2019

## ई-निविदा सूचना

**विषय: संघ लोक सेवा आयोग में तीन वर्ष की अवधि के लिए कृंतक एवं कीट नियंत्रण (Rodent & Pest control) ।**

जामनगर हाउस में रिकार्ड अनुभाग, मनोरंजन क्लब सहित संघ लोक सेवा आयोग परिसर में तीन वर्ष की अवधि के लिए कृंतक एवं कीट नियंत्रण के लिए संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। यह कार्यालय अतिथि गृह (सलाहकार कक्ष) का रखरखाव करता है जो 2 भवनों में अवस्थित है, जिसमें स्वागत कक्ष, रसोईघर, डाइनिंग हॉल, सूटस, कमरे, शौचालय आदि शामिल हैं, जो किसी भी सामान्य अतिथि गृह के लिए आवश्यक हैं।

2. बोलीदाता कार्यालय परिसर का दौरा कर सकते हैं और दर उद्धृत करने से पूर्व कृंतक एवं कीट नियंत्रण के उपचार के लिए भवनों का निरीक्षण कर सकते हैं। वे, वरिष्ठ संपदा प्रबंधक एवं बैठक अधिकारी/ संपदा प्रबंधक एवं बैठक अधिकारी से मिलने का समय लेकर दिनांक 26.11.2019 से 3.12.2019 के बीच किसी भी कार्यदिवस में 03.00 बजे अपराहन से 04.00 बजे अपराहन तक निरीक्षण करने के उद्देश्य से कार्यालय का दौरा कर सकते हैं।

3. निविदा दस्तावेज केंद्रीय लोक प्रापण पोर्टल (सीपीपीपी) https://eprocure.gov.in की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

4. इच्छुक बोलीदाता निर्धारित प्रपत्र में दो बोली पद्धति में http://eprocurement.gov.in पर ऑनलाइन निविदा जमा कर सकते हैं। निविदा केवल ई-प्रापण पोर्टल http://eprocure.gov.in के माध्यम से **ऑनलाइन मोड में** केवल जमा की जाएगी। पात्रता मानदंड आदि के समर्थन में सभी दस्तावेजों को निविदा दस्तावेज के साथ स्कैन एवं अपलोड किया जाएगा। **ऑनलाइन मोड के अलावा** किसी अन्य मोड

द्वारा भेजी गई निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। इस उद्देश्य के लिए नियत तारीख और समय की समाप्ति के पश्चात किसी भी परिस्थिति में निविदा दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

5. संघ लोक सेवा परिसर में तीन वर्ष की अवधि के लिए कृंतक एवं कीट नियंत्रण के सामान्य नियम एवं शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। भावी बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि सीपीपीपी की वेबसाइट http://eprocure.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन बोली के **ई-प्रस्तुतीकरण** के लिए "संविदाकार/निविदाकार के लिए अनुदेशों" में दिए गए अनुदेशों का पालन करें।

6. 25,000/- रुपए (पच्चीस हजार रुपए मात्र) की मूल जमा धरोहर राशि (ईएमडी) सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली के पक्ष में देय **डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक** के रूप में या **जमा धरोहर राशि (ईएमडी) से छूट प्रमाणपत्र** के साथ सील बंद लिफाफे में जिसके ऊपर **"संघ लोक सेवा आयोग परिसर में कृंतक एवं कीट नियंत्रण के लिए एनआईटी"** विधिवत् रूप से अंकित किया गया हो, जमा की जानी अपेक्षित है और इसे अवर सचिव (एम एंड एम), संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, नई दिल्ली को संबोधित करते हुए व्यक्तिगत रूप से दिनांक 25.11. 2019 से दिनांक 19.12. 2019 तक 09.30 बजे पूर्वाह्न से 03.00 बजे अपराह्न के बीच संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली के स्वागत कक्ष (गेट न. 02) के पास रखे गए **केवल निविदा बॉक्स में** जमा की जानी चाहिए। **यदि उपर्युक्त तारीख और समय के दौरान मूल जमा धरोहर राशि/ जमा धरोहर राशि से छूट प्राप्त प्रमाणपत्र व्यक्तिगत रूप से जमा नहीं किया जाता है तो बोली को तुरन्त अस्वीकार कर दिया जाएगा। तथापि, बैंक ड्राफ्ट/जमा धरोहर राशि से छूट प्राप्त प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति http://epocure.gov.in पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपलोड की जानी आवश्यक है।** निर्धारित तारीख और समय के पश्चात प्राप्त बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा और ऐसी बोलियों के संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। यदि किसी भी बोलीदाता को एनएसआईसी या किसी अन्य सरकारी एजेंसी द्वारा जमा धरोहर राशि संलग्न करने से छूट प्राप्त है, तो उक्त छूट प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति इलेक्ट्रॉनिक रूप से http://eprocure.gov.in पर अपलोड किया जाए। साथ ही, उपर्युक्त अनुसार आयोग कार्यालय में एक प्रति अवश्य जमा किया जाए। यदि बोली बिना जमा धरोहर राशि/जमा धरोहर राशि से छूट प्राप्त प्रमाणपत्र के बिना प्राप्त होती है तो इस पर विचार नहीं किया जाएगा तथा इसे तुरन्त अस्वीकार कर दिया जाएगा।

7. बोलियां संघ लोक सेवा आयोग, कमरा न. 101, आयोग सचिवालय भवन, नई दिल्ली में दिनांक 20.12. 2019 को 3:30 बजे अपराह्न को तीन अधिकारियों की एक समिति द्वारा ऑनलाइन खोली जाएंगी। यदि बोलियां प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित तारीख या उसकी बाद की तारीख को छुट्टी का दिन या इस कार्यालय के लिए बंद का दिन घोषित किया जाता है तो बोलियां नियत समय अर्थात् इस कार्यालय के अगले कार्यदिवस को 3:00 बजे अपराह्न तक प्राप्त की जाएंगी तथा उसी दिन 3:30 बजे

अपराह्न को खोली जाएंगी। बोली के मूल्यांकन के पश्चात, निविदा मूल्यांकन समिति (टीईसी) अपनी विशिष्ट अनुशंसा (एं) देगी, जिसे अपलोड किया जाएगा और बोलीदाताओं द्वारा देखा जा सकता है।

8. संघ लोक सेवा आयोग के सक्षम प्राधिकारी को निविदा किसी भी समय रद्द करने या निविदा दस्तावेज में दिए गए किसी भी नियम एवं शर्तों को बिना कोई कारण बताए उसमें संशोधन करने/ वापस लेने का अधिकार है।

22/11/19

**(रवीश जोइया)**

**अवर सचिव(एम एंड एम)**

प्रति :

गार्ड फाइल

सं. 5.2(4)/2019-एम एंड एम
संघ लोक सेवा आयोग
(एम एंड एम अनुभाग)
धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड
नई दिल्ली-110069

दिनांक ,2019

सेवा में,

----------------------------

---------------------------

**विषय: संघ लोक सेवा आयोग में तीन वर्ष की अवधि के लिए कृंतक एवं कीट नियंत्रण (Rodent & Pest control) के लिए निविदा आमंत्रित करने का नोटिस।**

**प्रिय महोदय,**

**संघ लोक सेवा आयोग परिसर में तीन वर्ष की अवधि के लिए कृंतक एवं कीट नियंत्रण** के लिए ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित की जाती हैं।

2. **संघ लोक सेवा आयोग परिसर में कृंतक एवं कीट नियंत्रण** के लिए बोली ऑनलाइन जमा की जानी चाहिए।

3. 25,000/- रुपए (मात्र पच्चीस हजार रुपए) की मूल जमा धरोहर राशि (ईएमडी) डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर/बैंकर्स चेक के रूप में सचिव, संघ लोक सेवा आयोग के पक्ष में दिल्ली/नई दिल्ली में देय या जमा धरोहर राशि (ईएमडी) से छूट प्रमाणपत्र की एफडीआर प्रति सील बंद लिफाफे में जिसके ऊपर विधिवत् रूप से **"संघ लोक सेवा आयोग परिसर में कृंतक एवं कीट नियंत्रण के लिए एनआईटी"** अंकित किया गया हो, दिनांक 25.11.-2019 से 19.12.-2019 के बीच 09.30 बजे पूर्वाह्न से 03.00 बजे अपराह्न के बीच, संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली के सुविधा काउंटर के पास रखे निविदा बॉक्स में जमा की

जानी चाहिए। जमा धरोहर राशि/ जमा धरोहर राशि से छूट प्राप्त प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति बोली (तकनीकी बोली) के साथ अवश्य संलग्न की जानी चाहिए।

4. सफल बोलीदाता संविदा प्रदान किए जाने वाले पत्र के जारी होने के 7 दिनों के अंदर 'निष्पादन प्रतिभूति' के तौर पर कुल मूल्य का 7% डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर/एफ डी आरआर के रूप में, जो सचिव, संघ लोक सेवा आयोग के पक्ष में देय हो, जमा करना होगा। 'निष्पादन प्रतिभूति' बोलीदाता की सभी संविदागत बाध्यताओं के पूरा होने की तारीख के बाद से साठ दिनों तक की अवधि के लिए वैध रहेगी। तथापि, जमा धरोहर राशि "निष्पादन प्रतिभूति" के प्राप्ति पर सफल बोलीदाताओं को लौटा दी जाएगी।

5. तकनीकी बोलियां बोलीदाताओं या उनके प्रतिनिधियों, जो उपस्थित होना चाहते हैं, की उपस्थिति में दिनांक २०.१२.**2019** को 3:30 बजे अपराह्न को अद्योहस्ताक्षरी के कक्ष में ऑनलाइन खोली जाएंगी।

**पात्रता मानदंड**

6. आवेदन करने वाले एजेंसी के पास वैध पैन नंबर तथा जीएसटीआईएन/जीएसटी पंजीकरण होना चाहिए। एजेंसी के पास सरकारी मंत्रालयों/विभागों में कम से कम 3 वर्ष के लिए ऐसी सेवाएं प्रदान करने का अनुभव होना चाहिए। **फर्म का वार्षिक लेन-देन 10 लाख से अधिक का होना चाहिए।** निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां **अनुबंध-I** में बोली के साथ संलग्न की जाएं:

i. फर्म के वार्षिक लेनदेन के प्रमाण में चार्टरित लेखाकार द्वारा विधिवत् प्रमाणित विगत तीन वित्तीय वर्ष अर्थात् 2016-17, 2017-18 और 2018-19 के दौरान निवल लाभ/हानि की प्रतियां।

ii. फर्म के जीएसटी पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति।

iii. फर्म के आयकर पेन नम्बर की प्रति।

iv. विगत 3 वित्तीय वर्ष अर्थात् 2016-17, 2017-18 एवं 2018-19 के लिए आयकर विवरणी की प्रति।

v. तीन वर्ष की अवधि अर्थात् 2016-17, 2017-18 एवं 2018-19 के लिए सरकारी मंत्रालयों/ विभागों में ऐसी सेवाएं प्रदान करने के अनुभव से संबंधित दस्तावेज। उपयुक्त वर्षों में प्रत्येक वर्ष के लिए या कुल तीन वर्ष की अवधि के लिए एक संविदा दी जा सकती है।

vi. सरकारी मंत्रालयों/विभागों में चालू संविदा (ओं) की प्रति।

vii. वाणिज्यिक कीट नियंत्रण कार्य के लिए अनुमेय कीटनाशक के स्टॉक और उपयोग के लिए वैध लाइसेंस होना चाहिए। लाइसेंस की प्रति तकनीकी बोली के साथ जमा की जानी चाहिए।

viii. एनआईटी के **अनुबंध-II** के अनुसार प्रमाणपत्र जमा करना।

**<u>कार्य क्षेत्र</u>**

7. एनआईटी के अंतर्गत सामान्य कृंतक नियंत्रण/दीमक रोधी कार्य शामिल हैं जिसका अर्थ है खटमल, कॉकरोच, मच्छर, मक्खी, छिपकली, दीमक आदि का उन्मूलन। इस संविदा के अंतर्गत सेवाओं में परिसर के अंदर एवं बाहर चूहों की समस्या से निपटना तथा महत्वपूर्ण फाइलों, कागजातों, पेपर बॉक्स, कारपेट, विद्युत एवं टेलीफोन की तारों, टेलीफोन एक्सचेंज, वुडन सीलिंग, पैनलिंग, कार्डबोर्ड, फाल्स सीलिंग की सुरक्षा, सभी सीढ़ियों, लिफ्ट लॉबी, ड्रेन डक्ट, पेन्ट्री रूम बेसमेंट, एसी यूनिट, एसी डक्ट, एसी प्लांट सभी भंडार गृहों और फर्नीचर के नीचे छिपे हुए स्थलों पर कीटनाशक नियंत्रण शामिल है। कोई भी स्थान छूटना नहीं चाहिए।

i. यह उपचार मैकेनिकल ट्रैपिंग, चूहे के पिंजरे, ग्लू पैड और ग्लू पैड/बेल स्टिकर जब अपेक्षित हो, बदलकर एवं प्रतिस्थापित करके किया जाएगा।

ii. इसमें सभी प्रकार के रेंगने वाले कीड़ों के लिए कीटनाशक सेवा एवं वेक्टर नियंत्रण कार्य यथा मच्छर प्रजनन आदि पर नियंत्रण करना शामिल है।

iii. एजेंसी को यह सुनिश्चित करना होगा कि एक बार किया गया कीटनाशक नियंत्रण अगली बार कीटनाशक नियंत्रण किए जाने तक प्रभावी रहना चाहिए और यह पुन: बिना किसी लागत के किया जाएगा।

iv. कीट-पतंगा रोधी, मच्छर एवं कॉकरोच/ कृंतक रोधी, खटमल एवं कीट नियंत्रण सेवाएं एक सप्ताह में कम से कम तीन बार नियमित आधार पर कार्यालय बंद होने से पहले अथवा बाद में और छुट्टियों या प्राय: जैसा भी पैट्स एवं कृंतकों आदि के नियंत्रण के लिए आवश्यक हो, प्रदान करनी होंगी। किसी आपात् स्थिति/समस्या के मामले में उपर्युक्त सेवाएं जैसे और जब अपेक्षित हों, प्रदान करनी होंगी। आपात् सेवाओं के लिए फर्म को अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा। इस कार्यालय में कृंतक/ कीट नियंत्रण की सेवाएं प्रदान करने के लिए आने वाले फर्म के कर्मचारी के पास सभी प्रकार के यंत्र/कीटनाशक, सामग्रियां होनी चाहिए।

v. किचन एरिया/फूड एरिया/ डायनिंग हॉल/ एवं सलाहकार कक्ष में कृंतक एवं कीट नियंत्रण उपचार सलाहकार सूट प्रभारी द्वारा निर्धारित समय पर/निर्दिष्ट दिन को केवल सलाहकार सूट के प्रभारी की उपस्थिति में विक्रेता द्वारा किया जाएगा, भले ही यह कार्यदिवस/छुट्टी का दिन हो। रसोईघर और उन जगहों पर जहां बर्तन रखे जाते हैं, वहां ऐसे उपचार के लिए गैर-विषैले पदार्थों का उपयोग किया जाएगा।

विक्रेता **अनुबंध III** में इस आशय का वचनबंध प्रस्तुत करेगा उसने किसी अन्य मंत्रालय/सरकारी संगठन को समरूप कार्य के लिए संघ लोक सेवा आयोग को उद्धृत दर से कम दर उद्धृत नहीं की है।

**एन आई टी जमा करना**

8. बोलियां ऑनलाइन मोड द्वारा निम्नलिखित दो कवर में जमा की जानी चाहिए:

(क) तकनीकी बोली: प्रथम बोली अनुबंध-I,II एवं III सहित सभी तकनीकी विवरण मोबाइल नंबर, सील एवं विधिवत् रूप से हस्ताक्षरित होनी चाहिए। दस्तावेजों की आपूर्ति किए बिना प्रस्तुत की गई बोली को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(ख) वित्तीय बोली: द्वितीय बोली "संघ लोक सेवा आयोग परिसर में कृंतक एवं कीट नियंत्रण के लिए वित्तीय बोली" होनी चाहिए तथा इसमें **ऑनलाइन उपलब्ध BOQ फार्म** में संपूर्ण दरें होनी चाहिए। यदि एक समान समग्र दरों वाली दो बोलियां प्राप्त होती हैं तो उच्चतर टर्मओवर वाली फर्म की बोली को स्वीकार किया जाएगा।

9. अवार्ड-पत्र जारी होने की तारीख से 7 दिनों के अंदर सफल बोलीदाता/बोलीदाताओं द्वारा अवार्ड पत्र स्वीकार किया जाना अपेक्षित है। संविदा तीन वर्ष की अवधि के लिए वैध होगी तथा निविदा आरंभ करने की तारीख की गणना इसे स्वीकार किए जाने की तारीख से की जाएगी।

10. यदि फर्म/संविदाकार का कार्य निष्पादन, आयोग द्वारा असंतोषजनक पाया जाता है, तो सचिव, संघ लोक सेवा आयोग के पास यह अधिकार होगा कि निविदा के पूरे भाग को या उसके किसी भाग को किसी भी समय अस्वीकार कर दे।

**बोली का मूल्यांकन:**

11. **केवल उन बोलादाताओं की वित्तीय बोली पर विचार किया जाएगा, जिनकी तकनीकी बोलियां तकनीकी मूल्यांकन समिति (टीइसी) द्वारा मान्य पाई जाती हैं।** बोलियों का मूल्यांकन दर (करों को छोड़कर) के आधार पर किया जाएगा। **वित्तीय बोलियां केवल BOQ प्रारूप में ऑनलाइन जमा करनी होगी।**

12. फर्म द्वारा **BoQ में** उल्लिखित प्रत्येक शीर्ष के तहत सभी कार्यों के लिए दरें उद्धृत की जाएंगी। एल-1 फर्म का चयन सभी मदों की कुल दरों (समग्र जोड़) के एनपीवी के आधार पर **BoQ में (करों को छोड़कर किया जाएगा।**

13. फर्म/बोलीदाता द्वारा उद्धृत दरें उचित और तर्कसंगत होनी चाहिए।

**बोलीदाता एल 1 के चयन के लिए पद्धति**

14. बोलीदाता तीन वर्षों के लिए प्रत्येक वर्ष की दरें उद्धत करेगा। प्रत्येक वर्ष के लिए मूल्य निश्चित होगें। अलग-अलग वर्षों के लिए समान रूप से दरों की तुलना के लिए एनपीवी (निवल वर्तमान मूल्य) का 10% वार्षिक की डिस्कांउटिंग दर प्रयोग करके किया जाएगा ताकि दरों को समान स्तर पर लाया जा सके। एल-1 का चयन तदनुसार दरों (करों को छोड़कर) के आधार पर किया जाएगा।

ख. डिस्कांउटिंग की दर तथा एन पी वी की गणना को निविदा दस्तावेज में निम्नानुसार पहले ही बता दिया गया है:-

एन पी वी - {वाई 1+वाई 2/(1+0.1)+वाई 3/$(1+0.1)_2$}

| | | |
|---|---|---|
| एन पी वी | - | निवल वर्तमान मूल्य |
| वाई 1 | - | प्रथम वर्ष के लिए उद्धृत दर |
| वाई 2 | - | द्वितीय वर्ष के लिए उद्धृत दर |
| वाई 3 | - | तृतीय वर्ष के लिए उद्धृत दर |

चूंकि एनपीवी की गणना एनआईटी में शुरू की जा रही है, अत: यह भी प्रस्तावित है कि गणना को एनआईटी में एक उदाहरण के माध्यम से चिह्नित किया जाए, जो निम्नानुसार है:-

**उदाहरण के लिए** यदि प्रथम वर्ष (वाई-1) उद्धृत दर 1000 है, द्वितीय वर्ष (वाई-2) के लिए 1200 तथा तृतीय वर्ष (वाई-3) के लिए 1400 है उनका एन पी वी निम्नानुसार होगा

$$1000 + \frac{1200}{1.1} + \frac{1400}{1.21}$$

$$= 1000 + 1090.91 + 1157.02$$

$$= \text{Rs.}3247.93$$

निविदा प्रदान करने के लिए एल-I का निर्धारण करने का यह मूल्य है। तथापि, एल-1 बोलीदाता को दरों का भुगतान वर्षवार संविदा दर (कोटेशन) के आधार पर किया जाएगा।

15. **सामान्य नियम एवं शर्तें**

(i) संविदा में उद्धृत की गई दरें वर्षवार कोटेशन के अनुसार तीन वर्ष की अवधि के लिए मान्य होंगी तथा तथा एक बार निविदा स्वीकार किए जाने के बाद दरों में बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। दरों में बढ़ोतरी के लिए संशोधन की अनुमति किसी भी परिस्थिति में नहीं दी जाएगी।

(ii) कृंतक एवं कीट नियंत्रण उपचार में इस कार्यालय की संतुष्टि के अनुरूप दोनों कार्यालय भवन एवं सलाहकार कक्ष (अतिथि गृह) की कुल एवं पूर्ण कृंतक एवं कीट मुक्त भवन/कॉम्प्लेक्स शामिल हैं।

(iii) फर्म का यह दायित्व होगा कि वह प्रयोक्ताओं की संतुष्टि के अनुरूप संघ लोक सेवा आयोग कार्यालय में खटमल/कृंतक/कॉकरोच/मच्छर तथा अन्य कीट आदि को नियंत्रित करे।

(iv) आयोग एक माह का नोटिस देकर संविदा को समाप्त कर सकता है।

(v) यदि संविदाकार निर्धारित अवधि के अंदर कार्य पूरा कर पाने में असफल होता है, यदि कार्य ख़राब पाया जाता है या इस कार्यालय की पूरी संतुष्टि के अनुरूप नहीं किया जाता है, तो, सचिव, संघ लोक सेवा आयोग को संविदा को रद्द करने और कृंतक एवं कीट नियंत्रण आदि के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने का अधिकार होगा तथा इस संबंध में हुई हानि यदि कोई हो की वसूली आपके साथ की जाने वाली संविदा के अंतर्गत इस कार्यालय द्वारा रखी जाने वाली प्रतिभूति जमा या बिल से की जाएगी। यदि यह राशि पूरी राशि को वसूली के लिए अपर्याप्त पाई जाती है, तो मांग करने पर संविदाकार अतिरिक्त राशि इस कार्यालय को अदा करेगा।

(vi) कर यदि कोई हो, उसे अलग से उद्धृत किया जाएगा। अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि फर्म द्वारा उद्धृत दरों में कर शामिल हैं और करों को शामिल करने के लिए संघ लोक सेवा आयोग द्वारा किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

(vii) श्रमिक/परिवहन आदि के लिए कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा।

30

(viii) उद्धृत की गई दरें सफल बोलीदाता द्वारा संविदा स्वीकार किए जाने की तारीख से प्रभावी होंगी और संविदा की अवधि के लिए वैध रहेंगी। इस बीच दरों में संशोधन के लिए किसी अनुरोध पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

(ix) सचिव, संघ लोक सेवा आयोग किसी भी निविदा/कोटेशन को पूर्ण रूप से या उनके भाग, सबसे कम दर का होना आवश्यक नहीं या सभी कोटेशनों को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार कर सकता है।

(x) कार्य की समाप्ति के पश्चात, जॉब कार्ड पर वरिष्ठ संपदा प्रबंधक एवं बैठक अधिकारी/ संपदा प्रबंधक एवं बैठक अधिकारी/केयरटेकर द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे। जिस जॉब कार्ड/वर्कशीट पर वरिष्ठ संपदा प्रबंधक एवं बैठक अधिकारी/ संपदा प्रबंधक एवं बैठक अधिकारी/केयरटेकर के हस्ताक्षर नहीं होंगे उनके भुगतान पर विचार नहीं किया जाएगा।

(xi) वरिष्ठ संपदा प्रबंधक एवं बैठक अधिकारी/ संपदा प्रबंधक एवं बैठक अधिकारी/केयरटेकर द्वारा जारी संतोषप्रद कार्य निष्पादन प्रमाण पत्र जारी करने के आधार पर भुगतान रिलीज किया जाएगा।

(xii) उस दिन के लिए कोई भुगतान नहीं किया जाएगा जिस दिन कार्य निष्पादन संतोषजनक नहीं पाया जाता है। यदि एक माह में दो बार असंतोषजनक निष्पादन नोटिस में आता है तो उस माह विशेष में कुल बिल की राशि से 5% की कटौती की जाएगी।

(xiii) यदि माह में 2 बार से अधिक 5 बार तक असंतोषजनक निष्पादन नोटिस में आता है तो उस माह विशेष में कुल बिल की राशि से 20% की कटौती की जाएगी।

(xiv) तथापि, यदि असंतोषजनक निष्पादन महीने में 5 बार से अधिक नोटिस में आता है तो उस माह विशेष में कुल बिल की राशि से 100% की कटौती की जाएगी। ऐसी स्थिति में सक्षम अधिकारी के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि वह संविदा को समाप्त कर दे और संविदाकर्ता की निष्पादन प्रतिभूति को जब्त कर लें। संविदात्मक बाध्यता पूरी नहीं करने पर फर्म को काली सूची में भी डाला जा सकता है।

(xv) बोलीदाता इस आशय का एक वचनबंध प्रस्तुत करेगा कि उसने किसी भी अन्य मंत्रालय/ सरकारी संगठन को संघ लोक सेवा आयोग को प्रस्तुत उद्धृत दर से कम दर उद्धृत नहीं की है। वचनबंध अनुबंध- III में निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

(xvi) यदि फार्म/संविदाकार का निष्पादन संतोषजनक पाया जाता है तो सक्षम प्राधिकारी स्वेच्छा से संविदा को उसी दर, निबंधन एवं शर्तों पर अगले 6 महीने की अवधि के लिए बढ़ा सकता है।

(xvii) ये निबंधन एवं शर्तें विस्तृत नहीं हैं अपितु सामान्य प्रकृति की हैं। संघ लोक सेवा आयोग के पास यह अधिकार होगा कि वह निबंधन एवं शर्तों के किसी भी प्रकृति की खंड या भाग को स्पष्ट करे जो अंतिम और बाध्यकारी होगा।

**भुगतान**

16. भुगतान, संतोषजनक कार्य होने तथा वरिष्ठ संपदा प्रबंधक एवं बैठक अधिकारी/ संपदा प्रबंधक एवं बैठक अधिकारी/केयरटेकर के द्वारा इस आशय का प्रमाणपत्र जारी किए जाने के पश्चात रिलीज किया जाएगा। विक्रेता बिल मासिक आधार पर प्रस्तुत करेगा।

17. संघ लोक सेवा आयोग की सुरक्षा को बनाए रखने के लिए कार्य का संचालन केवल आयोग द्वारा विधिवत् रूप से प्राधिकृत व्यक्ति/आपरेटर द्वारा केवल किया जाएगा। विक्रेता आयोग को अपने अधिकृत कर्मचारियों की सूची उनके परिचय-पत्र के साथ अग्रिम में प्रदान करेगा।

(रवीश जोड़या)
अवर सचिव(सामान्य)
टेलीफोन 011-233884118

फा सं. 5.2(4)/2019-एम एंड एम

संघ लोक सेवा आयोग

(एम एंड एम अनुभाग)

**एनआईटी का अनुबंध-I**

**तकनीकी बोली का प्रपत्र भाग**

फर्म का नाम एवं पता

टेलीफोन नंबर/मोबाइल नंबर

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम

| क्रम सं | विवरण (सीपीपी पोर्टल पर अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज) | उचित रूप से टिक करें |
|---|---|---|
| 1. | क्या जमा धरोहर राशि/जमा धरोहर राशि छूट प्रमाण पत्र की प्रति अपलोड की गई है। | हां/नहीं |
| 2. | फर्म के वार्षिक लेनदेन के प्रमाण में चार्टरित लेखाकार द्वारा विधिवत् प्रमाणित विगत तीन वित्तीय वर्ष अर्थात् 2016-17, 2017-18 और 2018-19 के दौरान निवल लाभ/हानि की प्रतियां अपलोड की गई हैं। | हां/नहीं |
| 3. | क्या फर्म के जीएसटी पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति अपलोड की गई है। | हां/नहीं |
| 4. | क्या फर्म की आयकर पेन की प्रति अपलोड की गई हैं। | हां/नहीं |
| 5. | क्या विगत 3 वित्तीय वर्ष अर्थात् 2016-17, 2017-18, 2018-19 के लिए आयकर विवरणी की प्रति अपलोड की गई हैं । | हां/नहीं |
| 6. | क्या तीन वर्ष की अवधि के लिए अर्थात् 2016-17, 2017-18, 2018-19 के लिए सरकारी मंत्रालयों/ विभागों में ऐसी सेवाएं प्रदान करने के अनुभव से संबंधित दस्तावेज अपलोड किए गए हैं। संविदा उपयुक्त वर्षों में प्रत्येक के लिए या एक | हां/नहीं |

33

| | | |
|---|---|---|
| | संविदा कुल तीन वर्ष की अवधि के लिए दी जा सकती है। | |
| 7. | क्या सरकारी मंत्रालयों/विभागों में चालू संविदा (ओं) की प्रति अपलोड की गई है। | हां/नहीं |
| 8. | वाणिज्यिक कीट नियंत्रण कार्य के लिए अनुमेय कीटनाशक के स्टॉक और उपयोग के लिए वैध लाइसेंस होने चाहिए। लाइसेंस की स्कैन की गई प्रति तकनीकी बोली के साथ अपलोड की जानी चाहिए। | हां/नहीं |
| 9. | क्या अनुबंध-II विधिवत् रूप से हस्ताक्षर कर अपलोड किया गया है। | हां/नहीं |

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

फर्म / बोलीदाता का नाम एवं पता रबड़ की मुहर सहित

34

फा सं. 5.2(4)/2019-एम एंड एम

संघ लोक सेवा आयोग

(एम एंड एम अनुभाग)

**एनआईटी का अनुबंध-II**

**संघ लोक सेवा आयोग परिसर में कृंतक एवं एवं कीट नियंत्रण** के लिए निविदा आंमत्रण सूचना।

प्रमाणपत्र

आपके, दिनांक के निविदा आमंत्रण सूचना के प्रत्युत्तर में हमने ---------------------------------- (फॉर्म का नाम एवं पता) संघ लोक सेवा आयोग में कृंतक एवं कीट नियंत्रण के लिए तकनीकी एवं वित्तीय बोली आपके विचारार्थ प्रस्तुत की है। हम एतद्वारा निविदा आमंत्रण सूचना के अंतर्गत यथा अपेक्षित जानकारी निम्नानुसार प्रमाणित करते हैं:-

1. यह कि निविदा के सभी निबंधन एवं शर्तें हमें स्वीकार हैं।
2. यह कि मुझे/हमें पूर्ववर्ती तीन वर्षों के दौरान आय/धन को छिपाने के लिए दंडित/ दोषी करार नहीं दिया गया है।
3. यह कि हम निविदा आमंत्रण सूचना में निर्दिष्ट कार्य के क्षेत्र को पूरी तरह समझते हैं और हमारी बोली पूर्ण रूपेण कार्य क्षेत्र के अनुरूप है।
4. यह कि फार्म को किसी सरकारी विभाग द्वारा ना तो काली सूची में डाला गया है और न ही फर्म या इसके मालिक/साझेदार के विरुद्ध भारत में किसी भी स्थान पर आपराधिक मामला पंजीकृत/ लंबित है।

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

फर्म / बोलीदाता का नाम एवं पता रबड़ की मुहर सहित

35

फा सं. 5.2(4)/2019-एम एंड एम

संघ लोक सेवा आयोग

(एम एंड एम अनुभाग)

**एनआईटी का अनुबंध-III**

**संघ लोक सेवा आयोग परिसर में कृंतक एवं एवं कीट नियंत्रण** के लिए निविदा आंमत्रण सूचना।

**वचनबंध**

हम ..................................................... ..................................................... .....................................................................................(फर्म का नाम एवं पता) संघ लोक सेवा आयोग के दिनांक ..................... के निविदा आंमत्रण सूचना के प्रत्युत्तर में निम्नानुसार प्रमाणित करते हैं :-

" इस मद के लिए उद्धृत की गई दरें हमारे द्वारा किसी अन्य मंत्रालय/ सरकारी संगठन के लिए इसी प्रकार के कार्य के लिए उद्धृत की गई दर से अधिक नहीं है " ।

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

फर्म / बोलीदाता का नाम एवं पता रबड़ की मुहर सहित

फा सं. 5.2(4)/2019-एम एंड एम

संघ लोक सेवा आयोग

(एम एंड एम अनुभाग)

एनआईटी का अनुबंध-IV

वित्तीय बोली (BoQ प्रपत्र में ऑनलाइन डाउनलोड तथा जमा किया जाए) के भाग का प्रपत्र।

| | विवरण | दरें (राशि रूपये में) करों को छोड़कर | | | कर की दरें | दरें (राशि रूपये में) कर सहित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रथम वर्ष | द्वितीय वर्ष | तृतीय वर्ष | | प्रथम वर्ष | द्वितीय वर्ष | तृतीय वर्ष |
| | एनआईटी में उल्लिखित संपूर्ण कृंतक एवं कीट नियंत्रण कार्य | | | | | | | |
| | कुल जोड़ | | | | | | | |
| | जोड़ (अंकों में) | | | | | | | |